## माननीय प्रबन्ध परिषद् की षष्टम् बैठक दिनांक 08.072006 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद् की षष्टम् बैठक दिनांक 08.07.2006 को पूर्वाह्न 10.30 बजे, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,मेरठ के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद् की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 एम0पी0 यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | श्री ओम प्रकाश शर्मा, एम0एल0सी0 | सदस्य |
| 3 | श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह , विधायक | सदस्य |
| 4 | प्रो0 रविन्द्र पुण्डीर, विधायक | सदस्य |
| 5 | डा0 एस0के0 शर्मा, निदेशक, फसल प्रणाली अनुसंधान केन्द्र | सदस्य |
| 6 | डा0 यशवन्त सिंह, कृषि उधोगपति | सदस्य |
| 7 | श्री देव नागर, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 8 | डा0 रणबीर सिंह चिकारा, प्रगति शील कृषक | सदस्य |
| 9 | श्री ज्ञान सिंह, मण्डलीय अपर निदेशक, पेंशन, मेरठ | सदस्य |
| 10 | श्री जे0बी0 सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक (प्रसार) नामित कृषि निदेशक | सदस्य |
| 11 | डा0 सरोजनी अग्रवाल, सामाजिक महिला कार्यकर्ता | सदस्य |
| 12 | ड0 रूद्र प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक नामित निदेशक पशुपालन | सदस्य |
| 13 | श्री एन0एन0 यादव, वित्त नियन्त्रक | सचिव |

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी/अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की ।

संकल्प सं0 1 **माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत**

माननीय प्रबन्ध परिषद के नव–नामित सदस्य गणों का स्वागत किया गया ।

संकल्प सं0 2 **माननीय प्रबन्ध परिषद की पंचम बैठक दिनांक 17.06.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि**

माननीय प्रबन्ध परिषद की पंचम बैठक दिनांक 17.06.2005 का कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

संकल्प सं0 3 **माननीय प्रबन्ध परिष्द की पंचम बैठक दिनांक 17.06.2005 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या**

**(अ) माननीय प्रबन्ध परिषद् की तृतीय बैठक दिनांक 16.03.2005 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या । संकल्प संख्या –05 (गोपनीय) 'श्री नसीम अहमद का प्रकरण '**

10/7/06

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा गठित उप समिति की बैठक यथाशीघ्र कराकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये ।

(कार्यवाही –प्रो0 शमशेर, सचिव)

(ब) **संकलप संख्या –03 नियुक्तियों के सम्बन्ध में (गोपनीय) बैठक के समय प्रस्तुत किया जायेगा ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा नियुक्तियों के लिए प्रस्तुत लिफाफों को खोलने के सम्बन्ध में निर्णय लिया कि विधिक राय के उपरान्त शासन को संदर्भित किया जाय ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी)

(स) **दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के संचालन के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के निर्णय के अनुसार महामहिम कुलाधिपति महोदय के आदेश का अनुपालन किया जा रहा है ।

(द) **अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**

**विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न वैज्ञानिकों /अधिकारियों /कर्मचारियों की अन्यत्र की गई सेवाओं को सेवानैवृत्तक लाभों में जोडने के लिए प्रस्ताव।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अन्यत्र की गई सेवाओं को सेवानैवृत्तक लाभों को जोडने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विस्तृत प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को शासनादेश जारी करने हेतु प्रेषित किया जाये ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 4** **वित्तीय वर्ष 2005–2006 के पुनरीक्षित आय –व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2006–2007 के प्रस्तावित आय–व्यय का अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2005–2006 के पुनरीक्षित आय– व्यय एवं 2006–2007 के प्रस्तावित आय–व्यय माननीय प्रबन्ध परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । तथा यह भी आदेशित किया गया कि विश्वविद्यालय के बैलन्श शीट यथाशीघ्र तैयार करायी जाये और भविष्य में तुलनात्मक स्थिति भी रखी जाय ।

(कार्यवाही –वित्त नियन्त्रक)

**संकल्प सं0 5** **कृषि विज्ञान केन्द्र, बघरा (मुजफ्फरनगर) पर कार्यरत कर्मियों के संविलियन के सम्बन्ध में ।**

20/7/06

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, बघरा (मुजफ्फरनगर) पर कार्यरत कर्मियों के संविलियन के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 6** **कृषि विज्ञान केन्द्र, हस्तिनापुर (मेरठ) पर कार्यरत कर्मियों के संविलियन के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, हस्तिनापुर (मेरठ) पर कार्यरत कर्मियों के संविलियन के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 7** **श्रीमती सरिता जोशी, सहप्रशिक्षक (गृह विज्ञान) चिकित्सा अवकाश स्वीकृति के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा श्रीमती सरिता जोशी, सहप्रशिक्षक (गृह विज्ञान) कृषि विज्ञान केन्द्र, बागपत के अवकाश विषयक प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 8** **डा0 एस0ए0 कर्खी, सहप्राध्यापक की प्रतिनियुक्ति अवधि के अतिरिक्त 04 माह 18 दिन की स्वीकृति के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा डा0 एस0ए0 कर्खी की प्रतिनियुक्ति अवधि दिनांक 3.09.04 तक बढाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 9** **विश्वविद्यालय के विधिक कार्यो के सम्पादन हेतु विधिक सलाहाकार की नियमित नियुक्ति के सम्बन्ध मे ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के विधिक कार्यो को सम्पादित करने के लिए संविदा पर रखनें हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । शिकायत पर जॉच कराकर उचित कार्यवाही की जाय ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

20/7/06

**संकल्प सं0 10 सामान्य भविष्य निधि की कटौती के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सामान्य भविष्य निधि की कटौती के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त करते हुए विस्तृत प्रस्ताव शासन को शासनादेश जारी करने हेतु प्रेषित किया जाये ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी /वित्त नियन्त्रक)

**संकल्प सं0 11 पशु चिकित्सा विज्ञान के शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की औपचारिक सुविधाओं के सम्बन्ध में राय हेतु एक विशेषज्ञ की स्वीकृति मानदेय पर रखने के सम्बन्ध में ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान के शिक्षण कार्य हेतु एक विशेषज्ञ की स्वीकृति मानदेय पर रखने के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी /वित्त नियन्त्रक)

**संकल्प सं0 12 कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में स्वीकृत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के लिये विभिन्न पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुमोदन माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 13 विश्वविद्यालय के रिक्त पदों का विज्ञापन कर, भरने के सम्बन्ध में स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा लिफाफों में बंद परिणामों से सम्बन्धित 7 पदों को छोड़कर विश्वविद्यालय के रिक्त पदों को विज्ञापित करने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 14 कृषि विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा मौलिक विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी )

20/7/06

**संकल्प सं0 15 कृषि विश्वविद्यालय में कृषि व्यवसाय महाविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा कृषि व्यवसाय महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**प्रस्ताव सं0 16 कृषि विश्वविद्यालय में गृहविज्ञान महाविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा गृहविज्ञान महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया ।

(कार्यवाही –मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 17 विश्वविद्यालय के दांतल फार्म के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत है ।**

विश्वविद्यालय के दांतल फार्म के खसरा, खतौनी सीमांकन एवं नक्शा आदि मंगा कर स्थाई समाधान के लिए सुझाव दिया गया कि दांतल फार्म को डिस्पोज ऑफ खुली नीलामी के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रेषित कर शासन की स्वीकृति उपरान्त् डिस्पोज ऑफ किया जाये ।

(कार्यवाही– निदेशक शोध/मुख्य महाप्रबन्धक फार्म)

**संकल्प सं0 18 प्रवेश, छात्रावास शुल्क एवं सीटो के वितरण के सम्बंध में अनुमोदन हेतु प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में प्रवेश, छात्रावास शुल्क एवं सीटो के वितरण के सम्बंध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –कुलसचिव)

**संकल्प सं0 19 दीक्षान्त समारोह आयोजन करने के सम्बंध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा दीक्षान्त समारोह आयोजन के सम्बन्ध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –कुलसचिव)

**संकल्प सं0 20 विश्वविद्यालय में पी0–एच0डी0 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दिये जाने के सम्बंध में अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा पी0-एच0डी0 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –कुलसचिव)

**संकल्प सं0 21 संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2006 (कम्बाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नालाजी एन्ट्रेंस टेस्ट–सी.ए.टी.ई.टी.) के सम्बंध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया ।

(कार्यवाही –कुलसचिव)

20/7/06

**संकल्प सं0 22** **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा सभी कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सीटों के आवंटन के सम्बंध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही –कुलसचिव)

**संकल्प सं0 23** **विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच Umbrella Memorandum of Understanding (MoU) अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**संकल्प सं0 24** **विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान Project Directorate on Cattle, Meerut के बीच Scientific and technical cooperation in the discipline of animal sciences Memorandum of Understanding (MoU) अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।**

माननीय प्रबंध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकलप सं0 25** **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र बागपत, मुरादाबाद एवं गौतमबुद्धनगर के स्वीकृत 48 (प्रत्येक केवीके पर 16) पदों को भरे जाने की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र बागपत, मुरादाबाद एवं गौतमबुद्धनगर के स्वीकृत 48 (प्रत्येक केवीके पर 16) पदों को भरे जाने की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया साथ में यह भी सुझाव दिया गया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नार्मस एवं आरक्षण के नियमों का कडाई से पालन किया जाये।

**संकल्प सं0 26** **उत्तरांचल गठन एवं नवकृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के फलस्वरूप पन्तनगर से इस विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित समस्त स्टाफ का सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में संविलियन के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उत्तरांचल गठन के उपरान्त सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत हस्तान्तरित समस्त स्टाफ का संविलियन के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 27** **कम्प्यूटर आपारेटर कम डाटा एन्ट्री आपरेटर को संविदा पर कार्यरत कर्मियों के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

20/7/06

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर कम डाटा एन्ट्री आपरेटर को वर्ष 2003 से लगातार कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा इनके नियमितीकरण के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव शासन को शासनादेश जारी करने हेतु प्रेषित किया जाये ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 28 विश्वविद्यालय में कार्यरत विकलांग कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्ता स्वीकृत करने का प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत विकलांग कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार अनुमन्य वाहन भत्ता दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**संकल्प सं0 29 माननीय कुलपति जी को विभागीय कार्यो हेतु सूक्ष्म जलपान,लंच, डिनर, प्रतीक चिन्ह् आदि पर रू0 02.00 लाख प्रति वर्ष खर्च किय करने का प्रावधान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी को विभागीय कार्यो हेतु सूक्ष्म जलपान,लंच, डिनर, प्रतीक चिन्ह् आदि पर रू0 02.00 लाख प्रति वर्ष खर्च किय करने का प्रावधान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही– वित्त नियन्त्रक)

**संकल्प सं0 30 अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से :–**

**अ– 1 लखनऊ में एक कैम्प कार्यालय स्थापित करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिष्द द्वारा कैम्प कार्यालय स्थापित करनें के सम्बन्ध में शासन से स्वीकृति उपरान्त् ही स्थापित किया जायेगा इस प्रतिबन्ध के साथ प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी)

**अ–2 विश्वविद्यालय में "Puran Anand Adlakha Memorial Gold Medal" दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में "Puran Anand Adlakha Memorial Gold Medal" प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**अ– 3 विश्वविद्यालय स्तर पर संशाधन बढाने हेतु चक्रीय निधि का प्राविधान किये जाने हेतु प्रस्ताव ।**

20/7/06

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर संशाधन बढाने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की तरह चक्रीय निधि का प्राविधान किया जाना है, इसके लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही– वित्त नियन्त्रक)

**अ–4 मत्स्य अनुसंधान तथा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में मात्स्यिकी के क्षेत्र में वृहद् सम्भावनाओं को देखते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में एक मत्स्य अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव का अनुमोदन कर शासन को शासनोदश जारी करने हेतु वृहद् प्रस्ताव को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया ।

(कार्यवाही– विभागाध्यक्ष कीट विज्ञान )

**अ–5 उधान विज्ञान विभाग में शोध एवं प्रशिक्षण हेतु पुष्प विज्ञान के अग्रणी शोध केन्द्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उधान विज्ञान विभाग में शोध एवं प्रशिक्षण हेतु पुष्प विज्ञान के अग्रणी शोध केन्द्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन कर शासन को शासनादेश जारी करने हेतु वृहद् प्रस्ताव को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– विभागाध्यक्ष उधान विज्ञान )

अन्त में माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

20/7/06

**(एन0एन0 यादव)**

वित्त नियन्त्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद

वित्त नियन्त्रक, स० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय मेरठ-250110

अनुमोदित

म०पा० यादव 20-7-2006

**(एम0पी0 यादव)** M. P. Yadav
Vice-Chancellor

कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद